**Regarding construction of roads under Bharat Mala Project in Jharkhand- laid**

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मैं सरकार का ध्यान झारखंड राज्य की एक अति आवश्यक सड़क परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । भारतमाला परियोजना के अंतर्गत एक नया पथ प्रस्तावित है, जो जमशेदपुर शहर को बाइपास करते हुए ओड़ीसा के टांगबिल्ला (NH-49 एवं NH-220 जंक्शन) तक जाएगा । पहला खंड, कांदरवेडा (NH-18) से प्रारंभ होकर गम्हरिया, हेंसल, पातापानी होते हुए टंगबिला तक 111 किमी लंबा है । दूसरा खंड, भिलाई पहाड़ी से पटहेसल तक 28 किमी लंबा है, जिसमें 11 किमी भाग शहरी क्षेत्र से गुजरता है और एलेवेटेड मार्ग का प्रस्ताव है । यह मार्ग न केवल जमशेदपुर एवं चाईबासा शहरों को बाइपास सुविधा देगा, बल्कि टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, रुंगटा स्टील जैसी प्रमुख औद्योगिक इकाइयों, आयडा औद्योगिक क्षेत्र और पूरे कोल्हान क्षेत्र के लिए दक्षिण भारत से सीधा सड़क संपर्क उपलब्ध कराएगा । साथ ही, पारडीह काली मंदिर से होकर पटमदा, काटिन, झिलमिली होते हुए बांकुड़ा तक एक नया मार्ग प्रस्तावित किया गया है, जो जमशेदपुर को दुर्गापुर स्टील सिटी से जोड़ेगा और टाटा स्टील से दुर्गापुर स्टील प्लांट तक माल परिवहन को सुलभ बनाएगा । मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि इन महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण पर शीघ्र निर्णय लें और कार्य प्रारंभ कराएं ।